	उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग **हरिद्वार–249404** **Website:psc.uk.gov.in**

संख्याः: 99/16/डी0आर0(मा0/प्रा0)/सेवा–2/2022–23 दिनांकः: 14 जुलाई, 2023

लघु विज्ञप्ति

मानचित्रकार/प्रारूपकार/मानचित्रक–परीक्षा–2023

एत्दद्वारा सूचित किया जाता है कि विभिन्न विभागों (वन विभाग, कृषि विभाग, संस्कृति विभाग, शहरी विकास विभाग, लघु सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग) के अन्तर्गत मानचित्रकार/प्रारूपकार/मानचित्रक के रिक्त पदों हेतु प्रकाशित समेकित विज्ञापन संख्याः: **A-1/ Draftsman/S-2/2023** दिनांक 29.05.2023 एवं विज्ञापन शुद्धिपत्र दिनांक 23 जून, 2023 के सापेक्ष पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन दिनांक 13.07.2023 तक आंमत्रित किये गये थे।

2. उक्त विज्ञापन के **अति महत्वपूर्ण निर्देश के बिन्दु सं0–4** के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13.07.2023 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में की गयी प्रविष्टियों में संशोधन/परिवर्तन **(Edit/Correction)** किये जाने हेतु केवल एक बार के लिए आयोग की बेवसाइट **psc.uk.gov.in** पर **Online Edit Window** लिंक **दिनांक 19.07.2023 से दिनांक 29.07.2023 (रात्रि 11: 59: 59 बजे तक)** तक खोला जायेगा, जिसके संबंध में दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

- **(i)** **(Edit/Correction)** हेतु उक्त लिंक की समयावधि 10 दिन होगी।
- **(ii)** जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की है, केवल वह अभ्यर्थी ही अपने ई–मेल आई0डी0 एवं पासवर्ड से लॉग–इन कर पायेंगे।
- **(iii)** लॉग–इन करने के पश्चात् अभ्यर्थी शर्तानुसार अपने भरे हुए डाटा में (मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 को छोड़कर) आवश्यकतानुसार संशोधन कर पायेंगे।
- **(iv)** अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में **Edit/Correction** की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी, उसके पश्चात् ही आवेदन पत्र में डाटा **Update** हो सकेगा।
- **(v)** **Edit/Correction** की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् **Edited Data** ही अंतिम माना जायेगा।

3. इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संशोधन/परिवर्तन (Edit/Correction) के अंतिम अवसर के उपरान्त किसी भी दशा में अभ्यर्थी को उनके ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गयी किसी भी प्रविष्टियों/दावों को संशोधित/परिवर्तित करने के प्रत्यावेदन/अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।